This question paper contains **2** printed pages]

Y—293—2018

FACULTY OF ARTS

M.A. (First Year) (Second Semester) EXAMINATION

MARCH/APRIL, 2018

HINDI

Paper VIII

(स्त्रीवादी विमर्श एवं साहित्य भाग 2)

(Wednesday, 18-4-2018) **Time : 10.00 a.m. to 1.00 p.m.**

Time—3 *Hours* *Maximum Marks*—75

N.B. :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गए हैं।

1. संदर्भ सहित अर्थ स्पष्ट कीजिए :

(अ) किसको खोजना है मन ………… ? कहाँ उड़ा फिरता है—अकेला ही ……… वृद्ध हंस-हंसिनी सरीखे नाना-नानी के पीछे, जो इस घर को, मुहल्ले को गुलजार किये रहते थे। सारे गाँव को अपनी मोह-ममता-भरी बाँहों में समेटे रहते थे। 10

अथवा

पता नहीं यह रास्ता है या बेबसी, जीवन है या आत्मघात, मुक्ति है या विनाश, सम्मान है या मान-हनन—वह कुछ नहीं जानती। फिर क्या नाम दें इसका ? जो भी कुछ है—यातना-यात्रा का मुक्ति-द्वार है। इसी में होकर गुजरना है शेष जीवन।

(आ) यह मेरे आर्यसमाजी संस्कारों का परिणाम था, जो मैं इस गहराई तक सोच पाई। अँधेरा हो गया था.....मैं वहीं खड़ी थी—पत्थर की प्रतिमा बनी—दु:ख, अपमान और क्षोभ से भरी हुई........। 10

अथवा

हिंदु बनकर कुछ नहीं मिलेगा। अपने छूट जाएँगे; पराये अपने न होंगे, न अपना बनाएँगे। तुम्हारा खुदा, हमारा भगवान सब एक है। मंदिर-मस्जीद अलग-अलग इबादत की जगहें हैं। कोई फर्क नहीं है। तुम मैं, हम मैं।

2. स्त्रीवादी साहित्य में संघर्षशील एवं विद्रोही नारी का चित्रण किस प्रकार हुआ है ? विशद कीजिए। 10

अथवा

'स्त्रीवादी विमर्श : समाज और साहित्य' पठित रचना के आधार पर पत्रकारिता में महिलाओं की भागीदारी पर विचार व्यक्त कीजिए।

P.T.O.

2C129FC0A91D874FCE38D397D6BB7D5B

3. 'बेतवा बहती रही' में ग्रामीण कन्या की व्यथा कथा किस प्रकार व्यक्त हुई है—चर्चा कीजिए। 15

अथवा

उर्वशी की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

4. 'पिंजरे की मैना' शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए। 15

अथवा

''दाम्पत्य जीवन की घुटन भरी पीड़ा का चित्रण पिंजरे की मैना में हुआ है।'' सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक लगभग **15-20** पंक्तियों में लिखिये : 5

(*i*) रमणिका गुफा के साहित्यिक योगदान की चर्चा कीजिए।

(*ii*) मृणाल पांडे के व्यक्तित्व को प्रस्तुत कीजिए।

(*iii*) चित्रा मुद्‌गल का जीवन परिचय दीजिए।

(*iv*) मंजुल भगत की साहित्यगत विशेषताओं को विशद कीजिए।

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** वाक्य में लिखिये : 5

(अ) (*i*) गुलमोहर के गुच्छे किस विधा की रचना है ?

(*ii*) 'आवाँ' उपन्यास के रचनाकार कौन हैं ?

(*iii*) रमणिका गुप्ता किस पत्रिका की संपादिका हैं ?

(*iv*) मृणाल पांडे का जन्म किस प्रदेश में हुआ ?

(*v*) 'चौदह फेरे' के रचनाकार कौन हैं ?

(अ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये : 5

(*i*) चित्रा मुदगल का जन्म .... सन् में हुआ।

(*ii*) शिवानी का मूल नाम .... है।

(*iii*) अनारो .... विधा की रचना है।

(*iv*) मौसी उपन्यास की रचनाकार .... हैं।

(*v*) साप्ताहिक हिंदुस्तान की संपादिका .... है।

2C129FC0A91D874FCE38D397D6BB7D5B